# सीएसआईआर स्टार्टअप कॉन्क्लेव 14 सितंबर से

लखनऊ, विशेष संवाददाता। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) 14-15 सितंबर को स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन करेगी।

इसका शुभारंभ केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 14 सितंबर को करेंगे। इस कॉन्क्लेव का विषय अनुसंधान एवं विकास को स्टार्ट-अप में बदलना: उद्योगों और समाज के लिए कृषि, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य हेतु नवाचार है। एनबीआरआई के निदेशक डॉ. ए.के. शासनी ने यह जानकारी गुरुवार को पत्रकारों को दी।

## ट्रेड शो में होगा सीएम की प्राथमिकताओं पर फोकस

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में सिर्फ उत्पादों और निवेश का ही नहीं, बल्कि नॉलेज सेशन के जरिए प्रदेश सरकार के विजन पर भी फोकस होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई-कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे। योगी सरकार ने इसे युवाओं, उद्यमियों और निवेशकों के लिए फ्यूचर-रेडी प्लेटफॉर्म बनाने की तैयारी की है।